विवाद : हुगली के चांपदानी में पुलिस व लोगों के बीच विवाद

प्रेम मिलन नर्सिंग होम में 10 लोगों का हर्निया व हाइड्रोसील ऑपरेशन

कोलकाता : शुक्रवार को प्रेम मिलन नर्सिंग होम और इंटर व्हील क्लब ऑफ मिंटो पार्क मैजेस्टिक के सहयोग से प्रेम मिलन नर्सिंग होम में 7 लोगों का हर्निया और 3 लोगों को हाइड्रोसील आपरेशन करवाया गया। डॉ जी एस पिपारा के हाथों ऑपरेशन हुए। मंच पर संगीता मुरमुरिया, सुमन केडिया, सुनीता झुनझुनवाला, अनुष्का सरावगी, केडी अग्रवाल, विन पेन के डायरेक्टर नरेश जालान, प्रेम मिलन नर्सिंग होम के सेक्रेटरी चंद्रकांत सराफ उपस्थित थे। चंद्रकांत सराफ ने बताया कि ऑपरेशन कराने के लिए बिहार और दीघा जैसे दूरदराज से रोगी आए हैं। सराफ ने बताया की ऑपरेशन लेकर 88 लोगों का हर्निया हाइड्रोसील ऑपरेशन से लाभान्वित हुए। केडी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, पूजा पोद्दार, संजना चौधरी, इंदु सरावगी, रूपल सिंघी प्रमुख रहीं।संचालन महेंद्र टिबड़ेवाल ने किया। प्रेम मिलन की तरफ से भी कार्यकर्ताओं का भी पूरा सपोर्ट रहा। राजकुमार बोथरा, रामअवतार अग्रवाल, कृष्ण कुमार मूंधड़ा, मनोज जायसवाल, धर्मेंद्र राऊत, नीतीश चौधरी, समरेश दे, कल्याण घोष आदि भी थे।

कोना ब्रिज पर मालवाहक वाहन 407 पलटा

हावड़ा : लिलुआ के कोना ब्रिज पर अनियंत्रित होकर एक मालवाहक टाटा 407 गाड़ी पलट गयी। यह घटना शुक्रवार की दोपहर 12.30 बजे की है। जब गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी तो उसका सामान ब्रिज पर बिखर गया।

इंतजार खत्म! 14 को कालीघाट स्काईवॉक का उद्घाटन करेंगी सीएम

▶ आधुनिक डिजाइन और तकनीकी दक्षता की बेहतरीन तालमेल दिखेगी स्काईवॉक में

सबिता राय

कोलकाता : कालीघाट स्काईवॉक को लेकर इंतजार खत्म हो गया है। बंगला नववर्ष से एक दिन पहले कालीघाट स्काईवॉक का भव्य उद्घाटन सीएम ममता बनर्जी करेंगी। 14 अप्रैल की शाम को सीएम कालीघाट स्काईवॉक के उद्घाटन के लिए पहुंचेंगी। इससे पहले शुक्रवार को फाइनल स्तर पर उद्घाटन की तैयारियां देखी गयीं। एक तरफ उदघाटन मंच का काम चल रहा है तो दूसरी तरफ साज सज्जा की जा रही है। बांग्ला नववर्ष से पहले लोगों के लिए यह बेहद ही अहम उपहार होगा। अखिरकार कालीघाट आने वाले

सजधज कर तैयार है कालीघाट स्काईवॉक -फोटो : दीपेन उपाध्याय

श्रद्धालु काफी समय से इस स्काईवॉक पर चढ़ने का इंतजार कर रहे थे। अब वह दिन आ ही गया है। कोलकाता नगर निगम के दिशा निर्देश पर आरकेडी इन्फ्रास्टक्चर लिमिटेड द्वारा कार्य को किया गया।

द्वार को सजाया गया : कालीघाट स्काईवॉक के गेट को भव्य रूप से सजाया गया है। इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। मंदिर की तरफ द्वार पर मां काली की तस्वीर लगायी गयी है। एसपी मुखर्जी रोड की तरफ से पूरे मंदिर प्रांगण से जुड़ी पेंटिंग्स लगायी गयी हैं। नकुलेशवर मंदिर की तरफ भी भगवान भोलेनाथ की तस्वीर लगायी गयी है। ये सभी एसएनजी पर पेंटिंग्स की गयी है। इसकी आरजीबी लाइटिंग होंगी यानी रेड, ग्रीन और ब्लू रंगों में दिखेगी।

एक नजर में कालीघाट स्काईवॉक

* 430 मीटर लंबा और 10.4 मीटर चौड़ा है कालीघाट स्काईवॉक
* एसपी मुखर्जी रोड से होगी शुरुआत, यहां से लोग स्काईवॉक पर चढ़ेंगे तथा कालीघाट मंदिर के निकट जाकर उतरेंगे
* कुल 3 लिफ्ट बनायी गयी हैं
* सदानंद रोड के पास लिफ्ट, थाना के सामने लिफ्ट तथा मंदिर के पास भी लिफ्ट
* 4 एस्क्लेटर हैं - एसपी मुखर्जी रोड पर 2 और कालीघाट मंदिर की तरफ 2
* 3 सीढ़ियां हैं - एसपी मुखर्जी रोड, काली मंदिर, नकुलेश्वर मंदिर की तरफ

430 मीटर लंबे कॉरिडोर से होकर जायेंगे श्रद्धालु

स्काईवॉक करीब 430 मीटर लंबा कॉरिडोर है। एसक्लेटर से चढ़कर लोग कॉरिडोर में आयेंगे और यहां से मंदिर की ओर जा सकेंगे और आ सकेंगे। एसक्लेटर की शुरुआत एसपी मुखर्जी रोड से है। दो एसक्लेटर शुरुआत में और दो मंदिर के पास हैं। इससे भक्तों और पर्यटकों को आने-जाने में सुविधा होगी। ■

दार्जिलिंग में अग्निशमन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर मंत्री सुजीत बोस ने सर्किट हाउस में अहम बैठक की। इस दौरान विभाग के महानिदेशक रणबीर कुमार, आईपीएस प्रवीण प्रकाश सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जतीन दास पार्क के पास सभा की अनुमति

कोलकाता : हाई कोर्ट के **जस्टिस तीर्थंकर घोष** ने सिटू को जतीन दास पार्क के पास स्ट्रीट कार्नर सभा की जाने की अनुमति दी है। टीचर नियुक्ति घोटाला और वक्फ बिल आदि के विरोध में यह सभा की जाएगी। शनिवार को शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक सभा की जा सकती है। इसके लिए 12 फुट चौड़ा और 8 फुट लंबा स्टेज बना सकते हैं। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण का पालन करते हुए पांच छह माइक्रोफोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें एक सौ से अधिक लोग जमा नहीं हो सकते हैं। दस आयोजकों के नाम पुलिस को देना पड़ेगा। पुलिस से अनुमति नहीं मिलने पर हाई कोर्ट में रिट दायर की गई थी।

हुगली के चांपदानी में पुलिस व लोगों के बीच विवाद

पुलिस के साथ धक्का मुक्की की गई

सन्मार्ग संवाददाता

हुगली : चांपदानी इलाके में एक वीडियो के वायरल होने के बाद इलाके में बवाल मच गया। स्थानीय लोगों ने जीटी रोड़ अवरोध कर पुलिस फांड़ी के पास प्रदर्शन किया। हालांकि सन्मार्ग ने वीडियो की सत्यता की जांच नहीं की है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने के लिए बार बार निवेदन किया। उस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में धक्का-मुक्की की स्थिति बनी और

चांपदानी में विवाद के बाद रैफ के जवान लोगों को हटाते हुए

झड़प हो गई। जी.टी. रोड खाली कराने के लिए और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। लौटते समय बीएम रोड और कुछ अन्य क्षेत्र में एक-दो दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की कोशिश हुई, लेकिन पुलिस सतर्क थी और हालात पर जल्द ही काबू पा लिया। एहतियातन बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के सीपी घटनास्थल पर पहुंचे: चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के सीपी **अमित पी** जवालगी ने घटनास्थल पर पहुंचकर इलाके में शांति बहाल की। पुलिस प्रशासन की ओर से माइकिंग कर नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। मौके पर डीसी मुख्यालय इशानी पाल, डीसी श्रीरामपुर अर्नब विश्वास और आला अधिकारी, श्रीरामपुर थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती, भद्रेश्वर थाना प्रभारी आशीष दुलई, प्रवीर दत्त और मांधाता साव, विनर्स टीम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी गश्त लगा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने कुछ लोग को हिरासत में लिया है। इलाके में अफवाह न फैले इसके लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

आमतल्ला में पुलिस के वाहन में की गई तोड़फोड़

पुलिस और प्रदर्शनकारियों में हुई धक्का-मुक्की

सन्मार्ग संवाददाता

दक्षिण 24 परगना : मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर, सुती के बाद नए वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे अल्पसंख्यक संप्रदाय के प्रदर्शनकारियों ने विष्णपुर के आमतल्ला में प्रदर्शन के दौरान पुलिस वाहन में व्यापक तोड़फोड़ की। इस दौरान पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का मुक्की भी हुई जिससे इलाका इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। देखते ही देखते इलाके में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। इस बीच आमतल्ला में घटना के दौरान लोग इधर उधर भाग कर अपनी जान बचाने

आमतल्ला में प्रदर्शन के दौरान पुलिस के वाहन में व्यापक तोड़फोड़ की तस्वीर

में जुट गये। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लोग नए वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन डायमंड हार्बर पुलिस का नहीं बल्कि बारुईपुर जिला पुलिस का है। हालांकि, पुलिस का दावा है कि स्थिति अब सामान्य है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में लोग अमतल्ला में 117 नंबर राष्ट्रीय सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी। केवल एम्बुलेंस को छूट दी गई। बाकी यातायात पूरी तरह से रोक दिया गया। घटना की खबर मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। थोड़ी देर बाद उन्होंने स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। बताया जा रहा है कि स्थिति अब नियंत्रण में है।

सन्मार्ग
खबरें अनेक सच्चाई एक
sanmarg.in

शोक संदेश व श्रद्धांजलि
के लिए संपर्क करें :
9830294500

॥ श्री हरि : ॥

जन्म 1941 — स्वर्गवास 2025

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी प्रिय माताजी
श्रीमती सुशीला धानुका
(धर्मपत्नी स्व. श्री नरेंद्र कुमार धानुका)
का स्वर्गवास गुरुवार, दिनांक 10.04.2025 को हो गया है।

बैठक: रविवार, दिनांक 13.04.2025 को दोपहर 2 से 5 बजे तक
निवास स्थान, श्यामकुंज, 12C लॉर्ड सिन्हा रोड, EF ब्लॉक, कलकत्ता पर होगी।

शोकाकुल

पुत्र एवं पुत्रवधू
सुरेश-संतोष, सतीश-किरण
आलोक-स्वाति, गौतम-शालिनी
पौत्र एवं पौत्रवधू
राहुल-मितिका, राघव-वृंदा, प्रियम, हर्ष
पुत्री एवं दामाद
सुनीता-रमेश अग्रवाल
सुमन-अशोक अग्रवाल, मधु-सुशील जैन
दौहित्री-पल्लवी, अनुभूति
पौत्री-तमन्ना, शुभांगी

ईशिका, ईशान, वेदिका (प्रपौत्र, प्रपौत्री)
एवं समस्त धानुका परिवार

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

जन्म 03.04.1941 — गोलोकवास 10.04.2025

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया
श्रीमती इन्दु बाला सरावगी
(धर्मपत्नी : श्री ओम प्रकाश सरावगी)
का गोलोकवास गुरुवार, दि. 10.04.2025 को हो गया है।
बैठक रविवार, दि. 13.04.2025 को दोपहर 2 से 5 बजे तक
Mie Club, Banquet 1st Floor, Emami City
2, Jessore Road, Kolkata-700 028 में होगी।
: शोकाकुल :
अरुण-संगीता, अनील-बबीता, मनोज-नमिता (पुत्र-पुत्रवधू)
निशीथ-चित्रा, मयंक-अदिति (पौत्र-पौत्रवधू)
मनिष्का, माही (पौत्री), शिवांक (पौत्र)
नीथ (प्रपौत्र) एवं समस्त सरावगी परिवार

बस ऑपरेटरों ने टोल प्लाजा पर मंथली सिस्टम लागू करने की उठायी मांग

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : राज्य के विभिन्न बस ऑपरेटरों ने एक महत्वपूर्ण बैठक में परिवहन मंत्री **स्नेहाशीष चक्रवर्ती** और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों के समक्ष टोल प्लाजा पर मंथली पास सिस्टम लागू करने और सर्विस रोड की स्थिति को बेहतर बनाने की मांग रखी। बैठक में परिवहन विभाग के प्रधान सचिव **डॉ. सौमित्र मोहन** व आईजी ट्रैफिक **सुकेश जैन** उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित ऑल बंगाल बस एंड मिनी बस ऑनर्स के महासचिव बस ऑपरेटर **प्रदीप नारायण बोस** ने बताया कि उनके संगठन ने एनएचएआई के जनरल मैनेजर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें ओडिशा में प्रचलित मंथली टोल सिस्टम के तर्ज पर पश्चिम बंगाल में भी बसों को इसी प्रणाली के अंतर्गत लाने की अपील की गई है। प्रदीप ने कहा कि इससे लंबी दूरी तय करने वाले बस ड्राइवरों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि

बैठक करते परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती साथ में उपस्थित हैं परिवहन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. सौमित्र मोहन, सुकेश जैन व अन्य

वर्तमान में हर ट्रिप पर टोल टैक्स चुकाना पड़ता है। मंथली सिस्टम प्रणाली के लागू होने से बस मालिकों और ड्राइवरों को काफी सुविधा मिलेगी और परिवहन व्यवस्था अधिक सुगम और किफायती हो सकेगी। इसके अतिरिक्त, खराब सर्विस रोड के कारण यात्रियों और ड्राइवरों दोनों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आग्रह किया कि सर्विस रोड की मरम्मत और रखरखाव को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में मौजूद एक अन्य बस ऑपरेटर सिटी सबर्बन बस सर्विसेज के महासचिव **टीटो साहा** ने बताया कि उत्तर बंगाल जैसे दूरदराज के क्षेत्रों में जाने वाली राज्य-रजिस्टर्ड बसों को भी पूरी राशि का टोल टैक्स चुकाना पड़ता है, जबकि नियमों के तहत उन्हें 50 प्रतिशत राशि वापस मिलनी चाहिए।

"बोल अनमोल": डॉ. कुमार विश्वास ने दिए जीवन के अनमोल सबक

कोलकाता : रोटरी क्लब साल्ट लेक मेट्रोपॉलिटन द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम "बोल अनमोल" में प्रख्यात कवि, वक्ता और मोटिवेशनल लीडर डॉ. कुमार विश्वास ने जीवन के गहरे और प्रेरणादायक पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. विश्वास ने अपने वक्तव्य में संस्कार, संस्कृति, नैतिकता और सकारात्मक सोच जैसे विषयों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने जीवन में मूल्यों और परंपराओं की अहमियत बताते हुए कहा कि अगर कोई बात अच्छी न हो तो खामोश रहो, या ऐसी कोई बात कहो जो खामोशी से अच्छी हो। संस्कारों के माध्यम से कैसे एक व्यक्ति अपने जीवन में स्थिरता और सकारात्मकता ला सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा हुई। शिवाजी की प्रेरणादायक कथा जहां एक पिता द्वारा दिए गए संस्कारों ने कैसे उनके पुत्र को महान योद्धा बनाया।

मां ने बेटी को जंजीरों से बांधा, पुलिस ने खुलवाया

घुसुड़ी में दयाराम नस्कर लेन की घटना

हावड़ा : एक लड़की जो कि स्वालांबी होना चाहती है। मगर उसकी मां यह नहीं चाहती है कि मगर मां को यह है कि उसकी बेटी उसी के पास में रहे और एक दिन शादी करके अपने घर चल जाये लेकिन वह खुद अपने पैरों में खड़ा होना चाहती है। इसीलिए एक मां ने अपनी ही बेटी को गत सोमवार से जंजीरों से बांध कर रखा था। वह भी इसलिए कि वह कमाने न जा सके। इसके बाद उसके पड़ोसियों को जब यह जानकारी मिली तो उन लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेटी की जंजीरों को खुलवाया। यह घटना मालीपांचघड़ा थानांतर्गत घुसुड़ी के दयाराम नस्कर लेन की है। तीसरे सेमेस्टर की छात्रा के माता-पिता स्वयं उसकी पढ़ाई और अपने पैरों पर खड़े होने में बाधा बन गए और इसी कारण से पिता और मां ने अपनी बेटी के पैरों में जंजीरें बांधकर उसे करीब 7 दिनों तक घर में कैद करके रखा। इसके बाद जब इसकी सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे छुड़ाया। पीड़ित आरती साव का कहना है कि वह दमदम के निकट काम करती है। वहीं पर पीजी में रहती है। वह जब रविवार को घुसुड़ी आयी तो सोमवार को उसकी मां ने उसे जंजीर से बांध दिया ताकि वह नहीं जा पाये। आरती का कहना है कि वह जॉब के साथ अपनी पढ़ाई भी पूरा करना चाहती है। वहीं आरती की मां का कहना है कि वह उसे जॉब करने नहीं देना चाहती है। वह जहां काम करती है वहां अच्छा काम नहीं है। इसलिए वह नहीं चाहती है कि उसकी बेटी वापस काम पर जाये। उसका कहना है कि आरती घर पर ही रहकर सिलाई कढ़ाई का काम करे। वहीं पड़ोसियों ने कहा कि जब घर में कोई पागल होता है तो उसे भी बांध कर रखा नहीं जाता है। वहीं स्वस्थ बच्ची को बांधकर रखना अच्छी बात नहीं है।

ट्रेनों और स्टेशन परिसरों में यौन उत्पीड़न के जोखिम को कम करने के लिए महिला कोच

कोलकाता : पूर्व रेलवे का सियालदह डिविजन महिला यात्रियों को उपनगरीय ईएमयू लोकल ट्रेनों में सुरक्षित यात्रा करने की सुविधा प्रदान करने तथा ट्रेनों और स्टेशन परिसरों में यौन उत्पीड़न के जोखिम को कम करने के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है। इस प्रयास के एक भाग के रूप में, ईएमयू सेवाओं में एक और महिला कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया और तदनुसार सभी ईएमयू रेकों में अब अधिक महिला कोच लगाये गये हैं, ताकि विशेष रूप से कार्यालय समय के दौरान महिलाओं की भारी भीड़ से निपटा जा सके। हाल ही में अशोकनगर, बारासात जैसे स्टेशनों से पुरुष दैनिक यात्रियों के आंदोलन की कुछ घटनाएं सामने आई हैं, जो महिला डिब्बों की संख्या

बढ़ाए जाने से नाराज हैं, जिसके कारण ईएमयू लोकल ट्रेनों में जनरल डिब्बों की संख्या कम हो गई है। इस संबंध में रेलवे ने इसकी कुछ वजह बतायी है। इससे स्पष्ट होता हैं कि महिला डिब्बों की संख्या में वृद्धि आवश्यक हो गई है:- महिलाओं के लिए एक और कोच बढ़ाए जाने से मौजूदा महिला कोचों में भीड़भाड़ कम हो गई है, जो अक्सर व्यस्त समय के दौरान होती है। सियालदह डिविजन में महिला यात्रियों की संख्या कुल यात्रियों का लगभग 25% है। इसलिए, लगातार बढ़ रही महिला यात्रियों के लिए बैठने की क्षमता बढ़ाने हेतु एक और महिला कोच (पहले के 2 के अतिरिक्त) अत्यंत आवश्यक है। हाल ही में, देखा गया कि चिह्नित महिला डिब्बों में अत्यधिक भीड़ हो जाती है, जिससे चढ़ने/उतरने में नियमित रूप से असुविधा होती है, जिसके परिणामस्वरूप दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए, भीड़भाड़ को कम करने और समग्र परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए महिला डिब्बों की संख्या बढ़ाना अनिवार्य हो गया। सियालदह के सभी 23 प्लेटफार्मों को 12 कोच ईएमयू रेक रखने में सक्षम बना दिया है।

डब्ल्यूबीसीआईएल को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024 में मिला पुरस्कार

कोलकाता : पश्चिम बंगाल केमिकल इंडस्ट्रिज लिमिटेड को भारत सरकार द्वारा पेटेंट फाइलिंग, अनुदान और व्यावसायीकरण के लिए शीर्ष भारतीय एमएसएमई की श्रेणी में प्रतिष्ठित "राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024" से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार डब्ल्यूबीसीआईएल को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक भव्य समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय (सीजीपीडीटीएम) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कारों के भाग के रूप में प्रदान किया गया। डब्ल्यूबीसीआईएल पूर्वी भारत से एकमात्र एमएसएमई था जिसे यह सम्मान मिला, जिसने भारत के वैज्ञानिक और औद्योगिक पुनरुत्थान में बंगाल की भूमिका को मजबूत किया।

सन्मार्ग
CLASSIFIED
CREDIT/DEBIT CARDS ACCEPTED

आवश्यकता

सेल्समैन की आवश्यकता है, जिन्हें साड़ी-सूट/ ड्रेस मटेरियल की जानकारी हो। Attractive Salary. Age Limit- 45 Years- 9836991752RTARI-0162 ■

प्रोपर्टी

कोलकाता में जोका मेट्रो के निकट अभी घर बनाने के लिए उपयुक्त जमीन मिल रही है केवल 2 लाख रुपये/ काठा। फोन नंबर- 9477811897, 983118205 RTARI-0160 ■

गांजा तस्करी के आरोप में 4 गिरफ्तार

कोलकाता : महानगर में गांजा तस्करी के आरोप में एनसीबी अधिकारियों ने काशीनाथ मल्लिक लेन से 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के नाम मो.फईम,जाहिद शेख, मो.नौशाद और मो.सदर हैं। गुप्त सूचना के आधार पर एनसीबी अधिकारियों ने छापामारी कर 4 लोगों को पकड़ा। उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की कीमत बाजार में लाखों रुपये है।

पूर्व मंत्री रज्जाक मोल्ला का निधन

कोलकाता : बंगाल के पूर्व मंत्री अब्दुर रज्जाक मोल्ला का शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले में उनके पैतृक निवास पर निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक आयु-संबंधी बीमारियों से पीड़ित 80 वर्षीय मोल्ला ने सुबह भांगड़ क्षेत्र के बांकरी गांव में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वरिष्ठ नेता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से राज्य की राजनीति में एक खालीपन पैदा हो गया है। ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर कहा, "मैं अपने सहयोगी अब्दुर रज्जाक मोल्ला के निधन से दुखी और स्तब्ध हूं। वह राज्य के मंत्रिमंडल में मेरे सहयोगी थे। मैं उनका बहुत सम्मान करती थी।"मुख्यमंत्री ने कहा, "बंगाल के ग्रामीण जीवन, कृषि अर्थव्यवस्था और भूमि सुधार के बारे में उनका ज्ञान और अनुभव सर्वविदित था। यही कारण है कि भले ही उन्होंने एक समय अलग विचारधारा की राजनीति की हो।

भाजपा नेता प्रियांगु पांडेय की कार पर बमबाजी मामले में चार्जशीट दाखिल

कोलकाता : भाजपा नेता प्रियांगु पांडेय की कार पर बमबाजी करने के मामले में एनआईए ने अभियुक्त मो.आमिर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। शुक्रवार को बैंकशाल कोर्ट में न्यायाधीश सुकुमार राय की अदालत में चार्जशीट दाखिल की गयी। एनआईए के वकील देवाशीष मल्लिक चौधरी ने बताया कि एनआईए ने कुल 19 पन्नों की चार्जशीट पेश की है। एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत चार्जशीट पेश की गयी है। इस मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

सन्मार्ग
खबरें अनेक सच्चाई एक
sanmarg.in

CLASSIFIED
में आवश्यकता, प्रॉपर्टी, भाड़ा, ट्यूशन, नाम परिवर्तन, खोया-पाया आदि के लिए संपर्क करें :
9830294500